






नवभारत
सतना, मंगलवार, 04 नवम्बर, 2025


# सिविल सर्जन के कालिख पोतने वालों पर मामला दर्ज, डॉक्टर्स –स्वास्थ्य कर्मियों ने की हड़ताल

## शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष ने सिविल सर्जन के चेहरे पर कालिख पोतने के मामले ने पकड़ा तूल , डीएसपी करेंगे पूरे मामले की जांच

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर । जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एस.बी. खरे के चेहरे पर शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय द्वारा कालिख पोतने के मामले में सिविल सर्जन की नामजद रिपोर्ट पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इधर मामले ने इस कदर तूल पकड़ा की इस घटना को लेकर डाक्टर्स एवं स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर चले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी द्वारा मामले की जांच की जा रही है।**

मामले को लेकर शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि डॉ. खरे इस नर्सिंग होम से मरीज देखकर निकले थे ।इसी दौरान कालिख पोती गई। क्योंकि वे प्राइवेट नर्सिंग होम में ड्यूटी टाइम में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उधर सरकारी अस्पताल में मरीज परेशान हो रहे थे ।विवेक पाण्डेय ने इस पूरे विरोध प्रदर्शन को स्वयं रिकॉर्ड किया। घटना के बाद वे



सीधे जमोड़ी थाने पहुंचे और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। थाने के सामने उन्होंने बयान दिया कि उन्होंने पहले भी सिविल सर्जन के खिलाफ कलेक्ट्रेट में शिकायत पत्र दिया था। प्रशासन को सूचना दी थी। विवेक पाण्डेय ने कहा कि उन्होंने प्रशासन को सूचित किया था कि वे निजी नर्सिंग होम के सामने डॉक्टर के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी को आहत करना नहीं था, बल्कि यह केवल विरोध प्रदर्शन था ।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना सामने आने के बाद उन्होंने सीधी एसपी संतोष कोरी से फोन पर बात करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी कॉल रिसीव नहीं हुई और न ही कोई प्रतिक्रिया मिली।

### मामले की गंभीरता से की जा रही है जांच : अमन

मामले में डीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि सिविल सर्जन द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। जब मीडिया ने पूछा कि आरोपी नेता ने स्वयं सरेंडर किया है या पुलिस ने गिरफ्तार किया है, तो डीएसपी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।



### सिविल सर्जन की रिपोर्ट पर जिला अस्पताल में दिखा हड़ताल का असर

सिविल सर्जन डॉ. एस. बी. खरे के चेहरे में कालिख पोते जाने के विरोध में डाक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल शुरू कर दी जिससे स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प हो गई। हड़ताल के चलते मरीज परेशान रहे। हड़ताल का असर गर्भवती महिलाओं के प्रसव में दिखा। प्रसव वेदना से परेशान कई गर्भवती महिलाओं को परिजन प्रायवेट अस्पताल में लेकर गये। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल में हड़ताल खत्म कराने पहल की गई। हड़ताल में शामिल डाक्टर्स और पुरुष स्वास्थ्य अमला जमोड़ी थाना भी पहुंचे और उनके द्वारा आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विवेक पाण्डेय समेत तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की।

### इनका कहना है

सिविल सर्जन की लिखित शिकायत पर चार नामजद एवं अन्य लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। मामले में जो भी साक्ष्य आएंगे उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।

**दिव्यप्रकाश त्रिपाठी, थाना प्रभारी जमोड़ी**

### मामला दर्ज , आरोपी गिरफ्तार

जिला अस्पताल से सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे के रिपोर्ट पर जमोड़ी थाना में चार नामजद एवं अन्य लोगों के विरुद्ध आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया गया । सिविल सर्जन डॉ. खरे ने लिखित रिपोर्ट में कहा कि आज सुबह करीब 10 .30 बजे वे अपने शासकीय कार्य संपादन हेतु शासकीय वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडए 8355 द्वारा ड्राइवर अंबुज कुमार पटेल एवं सहायक योगेन्द्र प्रजापति के साथ जैसे ही बैठने लगे शिवसेना के पदाधिकारी विवेक पाण्डेय अपने 8-10 साथियों के साथ उद्दंडता पूर्वक नारेबाजी करते हुए उन्हें पकड़ लिया और गाली-गलौच करते हुए काले रंगे के डब्बे से उनके ऊपर पेट्रोलियम पदार्थ डालकर अपमानित किया। चेहरे एवं वदन पर यह पेट्रोलियम पदार्थ विवेक पाण्डेय ने अपने हांथों से लगाया। वहीं अपने साथियों के साथ जान से मारने की धमकी दी। ड्राइवर एवं सहायक द्वारा बीच-बचाव किया तो विवेक अपने साथियों के साथ मौके से भाग गया। जमोड़ी थाना पुलिस ने आरोपी आकाश परांडे, रोहित साहू, मनीष बघेल, विवेक पाण्डेय एवं अन्य लोगों के विरुद्ध धारा 126(2), 296, 351(2), 351(3), 132, 191(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना में लिया है।

# किसानों की समस्याओं पर 6 को विशाल धरना प्रदर्शन : कमलेश्वर

## पूर्व मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करेंगे धरना प्रदर्शन का नेतृत्व, वीथिका भवन प्रांगण में होगा धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। प्रदेश के किसानों की बदहाल स्थिति और प्राकृतिक आपदा से हुई भारी फसल हानि को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन दिनांक 6 नवंबर 2025 को किया जा रहा है। यह धरना कार्यक्रम सीधी कलेक्ट्रेट के सामने स्थित वीथिका भवन प्रांगण में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।**

इस आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस कार्यसमिति सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल करेंगे। बीते दो हफ्तों में प्रदेश के कई जिलों, विशेष रूप से सीधी, सिंगरौली, रीवा, शहडोल, मऊगंज, मैहर और सतना में किसानों की फसलें बेमौसम भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा के कारण पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। इसके बावजूद अब तक प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के मुआवजे को लेकर कोई ठोस निर्णय या आदेश जारी नहीं किया गया है। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि प्रदेश का किसान पहले से ही सरकारी लापरवाहियों और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। समय पर बिजली नहीं मिलना, बढ़े हुए बिजली बिलों का बोझ, खाद और बीज की कमी, सहकारी समितियों से अपने ही पैसों का भुगतान न होना और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा का



संकट, इन सबके बीच हाल की प्राकृतिक आपदा ने किसानों की स्थिति को और भी संकटपूर्ण बना दिया है। लेकिन दुर्भाग्यवश प्रदेश की भाजपा सरकार अब तक किसानों की मदद के लिए आगे नहीं आई है।

### ये रखी जाएंगी कांग्रेस की ओर से मांगे

रीवा एवं शहडोल संभाग सहित साइक्लोन मोंथा से प्रभावित सभी क्षेत्रों में तत्काल विस्तृत सर्वे कार्य आरंभ किया जाए। जिन किसानों की फसलें आंशिक या पूर्ण रूप से नष्ट हुई हैं, उन्हें समुचित मुआवजा एवं सहायता राशि प्रदान की जाए। जिन किसानों पर ऋण का बोझ है, उनके ऋण पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि वे पुन: खेती के कार्य में जुट सकें। प्रभावित कृषक भाइयों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ कृषि उपकरण एवं बीज संबंधी आवश्यक सहयोग तत्काल प्रदान किया जाए, ताकि वे आगामी फसल की बुवाई समय पर प्रारंभ कर सकें। साइक्लोन मोंथा से हुई व्यापक तबाही को देखते हुए केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज की घोषणा करवाई जाए, ताकि प्रभावित किसानों को त्वरित आर्थिक सहायता मिल सके। प्रभावित क्षेत्रों के किसानों पर बिजली बिलों की वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा इस अवधि के बकाया बिलों को आगामी फसल तक स्थगित किया जाए। कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश भर के किसान भाइयों से अपील की है कि वे इस शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी एकजुटता दिखाएं और अपनी आवाज सरकार तक पहुचाएं।

# गणेश स्कूल के 25 छात्रों का संभाग स्तरीय कुडो में चयन

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। नगर के श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल अमहा के 18 छात्रों एवं श्रीगणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पड़रा के 7 छात्रों का संभाग स्तरीय कुडो प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।**

यह प्रतियोगिता जिलास्तर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में 27 और 28 अक्टूबर में खेली गई थी। इसमें अडंर 14, अडंर-17 और अडंर-19 तीनों वर्गों में स्कूल के छात्र-खिलाडियों ने भाग लिया था। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने चयनित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं में गणेश विद्यालय अमहा से सौरभ गुप्ता, आदर्श तिवारी, दीपांजलि साहू, अथर्व सिंह, अनिल



कपूर साकेत, अंश साहू, अंश सिंह, धैर्य सिंह, खुशुबू साहू, ईशा चतुर्वेदी, कृष्णेन्द्र साहू, गौरव दीक्षित, आलोक जायसवाल, पुष्पेन्द्र तिवारी, ध्रुव सोनी, लक्षिता मिश्रा, सुभी साहू एवं ध्रुव सिंह शामिल है। जबकि गणेश स्कूल पड़रा से समृधि सिंह, शुभ गुप्ता, शिवांग पाण्डेय, हिमांशु द्विवेदी, प्रवीण साहू एवं सागरचंद जायसवाल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों का चयन विभिन्न वर्गों में किया गया। बताया नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में 4 और 5 नवम्बर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। विद्यालय संचालक नीरज शर्मा, सहा. निदेशक अरुण ओझा, प्राचार्य जेएन मिश्र, प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापक पुष्पराज मिश्र, प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स ने इस सफलता पर विद्यार्थियों सहित पीटीआई तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, सुभाष शुक्ल, माखनलाल मिश्र, विश्वास पाण्डेय, प्रियंका सिंह व अंकुर मिश्र को बधाई दी और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एकलव्य के नीरज का राज्य स्तर पर क्रिकेट में चयनित

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। 69वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 17 वर्षीय क्रिकेट संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के सतना जिले में हुआ।**

जिसमें एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल हड़बड़ो के छात्र नीरज सिंह का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि संभाग स्तर पर विशेष प्रदर्शन के वजह से यह उपलब्धि मिली है एवं जिले का नाम रोशन हुआ है। विगत 2



वर्षों में भी नीरज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर अपने राज्य मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था और संभाग, जिले एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया था। छात्र द्वारा इस वर्ष भी इसी कड़ी में तीसरी बार मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है। इस खेल में मार्गदर्शक के रूप में विद्यालय के खेल प्रशिक्षक अरविंद सिंह, रजनीश पाण्डेय, मुकेश मिश्रा तथा दिव्यराज सिंह की एवं छात्र के लगन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय के लगभग 40 छात्रों ने इस वर्ष अलग-अलग विधाओं में राज्य स्तर पर अपने हुनर का प्रदर्शन किया है। छात्रों के इस प्रदर्शन में विद्यालय संचालक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्रों को शुभकामनाएं दी गई।

# नगर पालिका की नई जेसीबी मशीन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 नवंबर, नगर पालिका परिषद सीधी में क्रय की गई नई जेसीबी मशीन को आज दिनांक को हरी झंडी दिखाकर जनसेवा हेतु रवाना किया गया।**

इस अवसर पर अध्यक्ष काजल वर्मा, उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सीधी व वरिष्ठ पार्षद आनंद बहादुर सिंह, पार्षद ओंकार करचुली,हल्के सोनी, विभा सिंह, कुमुदिनी सिंह, मुख्य नगर



पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, समाज राम पाल बंसल एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे । दरअसल नगर पालिका के पास जेसीबी मशीन की कमी होने से काम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसी वजह से एक नई जेसीबी मशीन क्रय करने का निर्णय लिया गया था। अब नई जेसीबी मशीन आने से जनसेवा के कार्यों में तेजी आयेगी।

# कलेक्टोरेट परिसर में किया गया राष्ट्रगान

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। नवम्बर माह के कार्यों की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ की गई।**

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी एवं अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, विकास आनंद, उपखंड अधिकारी गोपद



बनास राकेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ माह का शुभारंभ देशभक्ति एवं उत्साह के माहौल में किया गया।



# मतदाता सूची पुनरीक्षण, कोदो-कुटकी पंजीयन और फसल सर्वे को प्राथमिकता

- कलेक्टर ने ली समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।**

उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समस्त कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण की जानी चाहिए। इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु जिला और खंड स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शी ढंग से कार्य करें। कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2003 में किए गए गहन पुनरीक्षण के आधार पर तैयार मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आगामी 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता की जानकारी गणना पत्रक में दर्ज करेंगे और उसकी प्रति मतदाता को प्रदान करेंगे। गणना पत्रक में पारिवारिक संबंध, निवास और अन्य विवरण दर्ज कर सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह कार्य सावधानीपूर्वक किया जाए और वर्ष 2003 की सूची के डाटा से तुलना की जाए, जिससे लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित हो सके। सत्यापन के उपरांत मृत, स्थानांतरित या डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन कर सुधार की कार्यवाही की जाएगी। जिन मतदाताओं का नाम अन्य स्थानों पर दर्ज है, उनका भी सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन न होने की स्थिति में 12 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर पहचान की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कोदो-कुटकी फसलों के पंजीयन पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा पहली बार इन फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की नीति लागू की गई है, जो किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है। पंजीयन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने पंजीयन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिले में जो भी किसान कोदो-कुटकी का उत्पादन कर रहे हैं, उन सभी का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। शासन द्वारा कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3500 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

# बीएलओ को विभागीय कार्यों से किया जाएगा मुक्त

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रचलित है।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को जारी निर्देशानुसार जिन कर्मचारियों को बीएलओ बूथ लेवल अधिकारी के रूप में ड्यूटी सौंपी गई है, उन्हें 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक कार्यालयीन कार्यों से मुक्त रखा जाएगा। इस अवधि में बीएलओ अपने मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण एवं वापसी का कार्य संपन्न कराएंगे। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभाग से नियुक्त बीएलओ कर्मचारियों को उक्त अवधि में विभागीय कार्यों से मुक्त रखने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर, इसकी सूचना तत्काल कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन सदन सीधी को प्रेषित करें।

# लापरवाही बरतने पर बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 77 सीधी द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कई बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।**

जारी पत्र के अनुसार बीएलओ शीला नवैत झोखरवार, राकेश कुमार पाण्डेय तेन्दुआ, ममता तिवारी उड़ैसा, बुद्धिमान साहू बेलहा, मुद्रिका प्रसाद द्विवेदी सीधी वार्ड 1, रामप्रकाश मिश्रा सीधी वार्ड 2, विजय कुमार गुप्ता सीधी वार्ड 3, रणमत सिंह चौहान वार्ड 19, गीता गुप्ता वार्ड 19, सुनीता केवट वार्ड 13, सुनीता सोनी वार्ड 14, रानी कोल वार्ड 12, महेन्द्र सिंह वार्ड 10, मनीष कुमार गुप्ता वार्ड 24 एवं राजेन्द्र कुमार गुप्ता पडरी को नोटिस जारी किया गया है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि उक्त बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किया गया है तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया प्रचलित है। इसके अंतर्गत 31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर 2025 को जनपद सभागार सीधी में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। साथ ही आवश्यक निर्देश एवं दैनिक प्रगति की जानकारी व्हाट्सएप समूह के माध्यम से निरंतर प्रेषित की जा रही थी। इसके बावजूद संबंधित बीएलओ द्वारा मतदाता मैपिंग का कार्य नियत समय में पूर्ण नहीं किया गया, जिससे विधानसभा क्षेत्र की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं रही। अधिकारी ने कहा कि यह निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही एवं उदासीनता का परिचायक है। अत: सभी संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रभार क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों की मतदाता मैपिंग का कार्य पूर्ण कर दिनांक 4 नवम्बर 2025 को कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 77 सीधी में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। संतोषजनक जवाब न मिलने या अनुपस्थित रहने की स्थिति में निर्वाचन कार्य बाधित करने के कारण संबंधितों के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए निर्वाचन नियमावली के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नाकामी छिपाने मंत्री और सांसद कर रहे हैं हवन-पूजन : ज्ञान

## तंत्र-मंत्र और हवन से नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छा शक्ति और ईमानदार प्रयासों से होता है विकास

नवभारत न्यूज

**सीधी 03 नवंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 सीधी-सिंगरौली मार्ग के निर्माण में लगातार हो रही देरी और जनता में गहराते आक्रोश के बीच भाजपा नेताओं ने अब विकास कार्यों की सफलता के लिए हवन-पूजन का सहारा ले लिया है। इस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा जब काम न बने तो हवन ही सही लगता है भाजपा के नेता अब सड़कों की जगह धुएँ से ही विकास का रास्ता दिखाना चाहते हैं।**

उन्होंने कहा कि सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा और प्रदेश



सरकार में राज्यमंत्री राधा सिंह द्वारा हाल ही में एनएच-39 के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने के नाम पर यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के अनेक नेता उपस्थित रहे। ज्ञान सिंह ने इसे जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला नाटक बताते हुए कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं से भाग रहे हैं और अंधविश्वास का सहारा लेकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। ज्ञान सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा सीधी के सांसद खुद मजबूर हैं जो प्रशासनिक बाधाएँ हैं, उन्हें हटाने में असमर्थ हैं जबकि प्रदेश और केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार है। एनएच-39 के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था तक नहीं कर पाए और अब जनता का ध्यान भटकाने के लिए यज्ञ-हवन में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में सीधी-सिंगरौली मार्ग का निर्माण राजनीतिक उपेक्षा का शिकार हो गया है। रोजाना हजारों वाहन चालक, ग्रामीण, व्यापारी और विद्यार्थी इस जर्जर सड़क से गुजरते हुए परेशान हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि केवल फोटो खिंचवाने और पूजा-पाठ करने में व्यस्त हैं।

### कांग्रेस सरकार ने की थी सीधी-सिंगरौली सड़क मंजूर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सीधी-सिंगरौली सड़क निर्माण की मंजूरी दी थी और परियोजना के लिए आवश्यक बजट भी स्वीकृत किया गया था। लेकिन जब से प्रदेश और केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार आई है, तब से सीधी जिले के साथ सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है। ज्ञान सिंह ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने न तो परियोजना के लिए ठोस प्रयास किए, न ही केंद्र से पर्याप्त बजट लाने की पहल की। भाजपा सरकार के पास घोषणाएँ हैं, जुमले हैं, लेकिन जनता के लिए न नीयत है, न नीति। सीधी-सिंगरौली सड़क की दुर्दशा इसका ज्वलंत प्रमाण है।

### सड़क की मांग को लेकर महिलाओं ने रोकी यात्रा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सड़क की मांग और क्षेत्र के विकास को लेकर झोखो में ग्रामीण महिलाओं द्वारा सांसद की यात्रा रोकने पर कहा कि लोग अब भाजपा सरकार के आश्वासनों से ऊब चुके हैं। उन्हें अब पुख्ता पहल चाहिए क्योंकि पिछले 20 वर्षों से भाजपा के जनप्रतिनिधि सिर्फ झूंठे वादों से जनता को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। जनता जागरुक हो गई है और ग्रामीण महिलाओं द्वारा सड़क के लिए मंत्री और सांसद का रास्ता रोकना तो शुरुआत है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता इन्हें सत्ता से उखाड़ कर रहेगी।

### जनता पूछ रही सवाल, भाजपा के नेता भाग रहे हैं जवाब से

ज्ञान सिंह ने कहा कि अब जनता का सब्र टूट चुका है। महिलाएं, युवा और आम नागरिक सड़कों पर उतरकर भाजपा के नेताओं से जवाब मांग रहे हैं। जनता के वोट से नेता बनने वाले अब जनता के सवालों से भाग रहे हैं। लेकिन यह जनता सब जानती है आने वाले समय में यही महिलाएँ, यही युवा और यही आमजन भाजपा को उसका माकूल जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर केवल धार्मिक दिखावे कर रही है। प्रदेश की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा की सरकार हवन-पूजन से विकास नहीं कर सकती।